**बिहार सरकार**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**–: : आदेश : :–**

**आदेश सं०–27/आरोप–01–48/2025–सा०प्र०....................पटना–15, दिनांक......................**

सूचना वाद सं0–A7330/2021 (श्री कामेश्वर साह बनाम् लोक पदाधिकारी–सह–अंचल अधिकारी, नाथनगर, भागलपुर) में माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 30.04.2024 को सुनवाई करते हुए सरकारी जमीन का किसी व्यक्ति के नाम बंदोबस्ती कायम करने वाले पूर्वाधिकारी का पता लगाकर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने हेतु नियंत्री प्राधिकार को सूचित करने का आदेश पारित किया गया था।

समाहर्त्ता, भागलपुर के पत्रांक–1609 दिनांक–28.012.2024 द्वारा वर्ष 1990–91 में पदस्थापित अंचल अधिकारी, नाथनगर श्री मोहन कुमार ठाकुर (05.10.1990 से 21.01.1991) तथा श्री मुकेश दत्त शर्मा (22.01.1991 से 16.01.1994) का नाम संसूचित किया गया जिसकी प्रति इस विभाग को बिहार सूचना आयोग के ज्ञापांक–3292 दिनांक–10.12.2025 के साथ प्राप्त हुआ है।

बिहार सूचना आयोग से प्राप्त पत्र एवं समाहर्त्ता, भागलपुर से प्राप्त पत्र की समीक्षा सक्षम प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि श्री मुकेश दत्त शर्मा दिनांक–29.02.2020 को वार्धक्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं। श्री मोहन कुमार ठाकुर का नाम वर्ष 1985, 1999, 2008, 2011, 2019, 2023 एवं 2024 के सिविल लिस्ट में अंकित नहीं है।

श्री मुकेश दत्त शर्मा के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप वर्ष–1990–91 की अवधि का है तथा वे दिनांक 29.02.2020 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अतः इनके विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के प्रावधानों के तहत् कालबाधित है। उक्त स्थिति में श्री मुकेश दत्त शर्मा के विरूद्ध कार्रवाई किया जाना संभव नहीं है।

विभागीय पत्रांक–24189 दिनांक–30.12.2025 द्वारा बिहार राज्य सूचना आयोग को उक्त सूचना से अवगत कराया जा चुका है।

समीक्षोपरांत सक्षम प्राधिकार द्वारा श्री मुकेश दत्त शर्मा के विरूद्ध प्रतिवेदित इस शिकायत प्रकरण को संचिकास्त करने का निर्णय लिया गया।

अतएव सक्षम प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री मुकेश दत्त शर्मा, बि0प्र0से0, तत्कालीन अंचलाधिकारी, नाथनगर के विरूद्ध प्रतिवेदित इस शिकायत प्रकरण को संचिकास्त किया जाता है।

**ह०/–**
**(शालिग्राम पाण्डेय)**
सरकार के अवर सचिव।

स्पीड पोस्ट

**ज्ञापांक–27/आरोप–01–48/2025–सा०प्र०....5596....पटना–15, दिनांक 24.3.26**

प्रतिलिपिः– राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, भागलपुर/श्री मुकेश दत्त शर्मा, बि0प्र0से0, तत्कालीन अंचलाधिकारी, नाथनगर वर्तमान पता–पिता डॉ0 रणसिंह, फ्लैट नं0–101, उषा कॉटेज, डॉलर हाउस, पोस्ट चौक पूर्णियां, थाना नजदीक महिला कॉलेज, पूणियां–854301/अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–12 एवं 14, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर (वेब साईट पर अपलोड हेतु), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। 24.03.26

सरकार के अवर सचिव।